
02
आज समाज
www.aajsamaaj.com
04

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 17 अगस्त 2023
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, मूल्य: 2.00 रुपया

# तीसरी भाषा का ज्ञान छात्रों के कौशल विकास का एक माध्यम : डॉ. केके गुप्ता

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्रों, जिन्होंने जर्मन भाषा में 1 स्तर पूरा किया बुधवार को कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। यह पाठ्यक्रम छात्रों की सुविधा के लिए यस जर्मनी संस्था, फरीदाबाद के सहयोग से चलाया जा रहा था। छात्रों के समग्र विकास और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम कॉलेज लगातार आयोजित कराता रहता है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह तीसरी भाषा का ज्ञान छात्रों के कौशल विकास का एक माध्यम है। पाठ्यक्रम के लिए 18 छात्रों ने पंजीकरण करवाया था। कमल टंडन ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सारिका कांजलिया और डॉ. इनायत चौधरी भी उपस्थित थे।